STATE CONSUMER HELPLINE
KNOWLEDGE RESOURCE MANAGEMENT PORTAL
Centre for Consumer Studies, Indian Institute of Public Administration, New Delhi

Sponsored by Department of Consumer Affairs, Govt. of India

# CONSUMER BULLETIN

Vol. 2, NO. 3, Mar. 2013

## सोना खरीदते वक्त

भारतवर्ष में सोना सबसे आधिक खरीदा जाता हैं सोना खरीदने की तो जैसे परम्परा सदियों से चलती आ रही हैं। किसी की शादी हो, कोई त्यौहार हो या फिर किसी को उपहार देना हो, भारतीयों को तो सबसे पहले सोना खरीदना ही याद आता है और खरीदेंगे भी तो अपने पुराने वाले सुनार से ही, जिनसे उनके दादाजी और पिताजी खरीदते थे क्योंकि उन्हे उन पर पूरा भरोसा होता है। वो सुनार से जानकारी भी नही लेते। सोना महिलाओं की पसंद और कमजोरी दोनो हैं। उन्हें जेवर बनाने हो या फिर अपने पैसे जोड़ने हो वो सबसे पेहले सुनार के पास जाती हैं और सोने के बारे में पूरी जानकारी ना होने के बावजूद भी वो सिर्फ सोने का दाम और भार दो बातें पूछकर ही सोना खरीद लेती है जबकि ऐसा नही होना चाहिये। आजकल तो सोना एक इन्वेस्टमेंट के तौर पर भी खरीदा जा रहा हैं।

**हॉलमार्क गोल्ड के बारे में कुछ विशेष बाते है जो सोना खरीदने से पहले आपको पता होनी चाहिये।**

हमेशा हॉलमार्क वाला सोना खरीदना चाहिये क्योंकि यह पूरी तरह से सुरक्षित और शुद्व **है**। हॉलमार्किंग BIS (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैन्डर्ड) दवारा दी जाती हैं |



सोने पर हॉलमार्क का निशान आपको ऐसा बना हुआ मिलेगा।

सोना किस कैरेट का है, आप इस तरह जान सकते हैं।

| | |
|---|---|
| 958 | 23 कैरेट के समान |
| 916 | 22 कैरेट के समान |
| 875 | 21 कैरेट के समान |
| 750 | 18 कैरेट के समान |
| 585 | 14 कैरेट के समान |
| 375 | 09 कैरेट के समान |

किस साल का बना हुआ है कोड लिखा होगा जैसे "A" 2000 साल का, "B" 2001 साल का आदि |

सुनार का पहचान चिन्ह भी लिखा होगा |

हॉलमार्क के केन्द्र का चिन्ह होगा |

नीचे दिये गये फोटो में आप सारे चिन्ह देख सकते है कि किस तरह हॉलमार्क गोल्ड पर ये देखने को मिलेंगे |







**सोना क्या है** :- सोना एक चमकदार और ठोस धातु है | इसे मान-सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है | सोना हमेशा सभी उम्र के लोगो को पसंद है, खासकर महिलाएं | सोना कभी फैशन से बाहर नही होता |

सोना क्यों खरीदें :- सोना एक तरल नकद के समान है और सुरक्षित भी | इसका मूल्य समय के साथ बढ़ता ही है और बहुत अच्छा निवेश भी है| जरूरत पड़ने पर आप इसे इस्तेमाल भी कर सकते है | अकसर लोग शादियों और त्यौहार में उपहार देने के इरादे से खरीदते हैं | बेटी की शादी के लिये तो माता-पिता काफी साल पहले से ही सोना खरीदकर रखने लगते है, ताकि शादी के समय उन्हे आर्थिक रूप से भार थोड़ा काम लगे |

**Editor-in-Chief**
Prof. Suresh Misra
( Project Director)

**Editor**
Shri S. K. Virmani
( Project Manager)

**STATE CONSUMER HELPLINES**

**GUJARAT**
1800-233-0222,
079-27489945 / 46

**MADHYA PRADESH**
155343, 0755-2559778

**ORISSA**
1800-345-6724,
1800-345-6760,
0674-2351990,
0674-2350209

**TAMIL NADU**
044-28592828

**BIHAR**
1800 -345- 6188

**RAJASTHAN**
1800 -180- 6030

**MAHARASHTRA**
1800 -22- 22 62

**CHHATTISGARH**
1800 -233 -3663

PROJECT MANAGER
Room No-7 Indian Institute of Public Administration , I.P. Estate , Ring Road , New Delhi- 110002
Phone - (011) 23705055 , 23705054 , FAX - (011) 23705054
Email - schkrmp.iipa@gmail.com , Website - www.consumereducation.in, www.consumeradvice.in

**सोना क्या है** :- सोना एक चमकदार और ठोस धातु है | इसे मान-सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है | सोना हमेशा सभी उम्र के लोगो को पसंद है, खासकर महिलाएं | सोना कभी फैशन से बाहर नही होता |

**सोना क्यों खरीदें** :- सोना एक तरल नकद के समान है और सुरक्षित भी | इसका मूल्य समय के साथ बढ़ता ही है और बहुत अच्छा निवेश भी है| जरूरत पड़ने पर आप इसे इस्तेमाल भी कर सकते है | अकसर लोग शादियों और त्यौहार में उपहार देने के इरादे से खरीदते हैं | बेटी की शादी के लिये तो माता-पिता काफी साल पहले से ही सोना खरीदकर रखने लगते है, ताकि शादी के समय उन्हे आर्थिक रूप से भार थोड़ा काम लगे |



**सोना कहाँ से खरीदें :-** जिन दुकानो पर हॉलमार्क गोल्ड मिलता हो सोना वही से खरीदें| हॉलमार्क गोल्ड सुरक्षित है और शुद्ध भी |

**याद रखें :-**

1. जब भी सोना खरीदें, आप बिल व रसीद जरूर लें |
2. हमेशा सोना लॉकर में रखें ताकि वो सुरक्षित रहें |
3. याद रहे, सोने के सिक्के का दाम हर बैंक और हर सुनार का अलग-अलग होता है | इसलिये जरूरी है कि आप खरीदने से पहले तुलना कर लें |
4. बैंक से खरीदा गया सोना आप बैंक और अन्य दुकानो, दोनो जगह बेच सकते है जबकि दुकान से खरीदा गया सोना हर जगह बेचने में दिक्कत होती है | वापिस बेचते समय काफी दुकानदार आनाकानी करते है और ज्यादा पैसा कटकर देते है |
5. बैंक से खरीदा गया सोना थोड़ा महंगा जरूर होता है पर शुद्धता की विश्वनियता ज्यादा होती है |
6. जब भी सोना खरीदें तो ध्यान जरूर दें की जब सुनार सोने का वजन करे तो भार मापक (जेवेलरी वैटिंग स्केल) पर करे और वो भी पूरी तरह से ढका हुआ हो जिससे हवा का भार उसमें ना आ जाए | याद रहे की 1 मि. ग्राम. भार की हेरा-फेरी आपको 30 रुपए का घाटा दिला सकती है |
7. निवेश के इरादे से, आपको सोने का बिस्कुट या सिक्का खरीदना चाहिये ना की जेवर | आप शायद जेवर के अच्छे दाम ना पा सके क्योंकि वह पहले ही बना हुआ है और उसमें संसाधन शुल्क ( प्रोसेसिंग चार्ज ) भी शामिल है तथा मिलावट भी होती है |
8. याद रहे कोई भी दुकानदार या कंपनी सोना किस्तों में नही बेचता वो सिर्फ आपको गुमराह कर रहे है | बाजार में काफी ऐसी कम्पनियाँ है जो यह कहती है की आप 11 किस्त दीजिये और आखिरी किस्त हम देंगे जिससे लोग आकर्षित होकर सोना खरीद लेते है | असलियत में आपका पैसा 11 महीने तक उस कंपनी या दुकानदार के पास रहता है और 12 महीने में वो आपको उस वक्त चल रहे दाम पर सोना देते है, जोकि महंगा भी पड़ता है साथ **ही आपका पैसा** ब्लाक हो जाता है |
9. आप सोने का इंसोरेन्स जरूर कराये ताकि अगर चोरी हो जाये तो आप इंसोरेन्स कंपनी से मुआवजा ले सके |

## Mediation in Consumer Disputes




Mr. S. K. Virmani, Project Manager participated in a National Seminar cum Consultation on Mediation in Consumer Disputes held on 7th March 2013 at Hotel Le Meridien, New Delhi. The programme was inaugurated by Hon'ble Mr. Justice Ashok Bhan, President NCDRC with special address by Mr. Pankaj Agrawala, Secretary, Deptt. of Consumer Affairs. It is expected that Mediations Centre may come up soon for mediation services in consumer disputes. It is expected that Mediatiatory services may offload pressure on consumer fora at the same time consumer may expect faster justice delivery system.

## STATE CONSUMER HELPLINES

**GUJARAT**

**1800-233-0222,**

**079-27489945 / 46**

**MADHYA PRADESH**

**155343, 0755-2559778**

**ORISSA**

**1800-345-6724,**

**1800-345-6760,**

**0674-2351990,**

**0674-2350209**

**TAMIL NADU**

**044-28592828**

**BIHAR**

**1800 -345- 6188**

**RAJASTHAN**

**1800 -180- 6030**

**MAHARASHTRA**

**1800 -22- 22 62**

**FSSAI**

**1800 -11- 2100**

SCHKRMP

**PROJECT MANAGER**

**Room No-7 Indian Institute of Public Administration , I.P. Estate , Ring Road , New Delhi- 110002**

**Phone - (011) 23705055 , 23705054 , FAX - (011) 23705054**

**Email - schkrmp.iipa@gmail.com , Website - www.consumeredducation.in, www.consumeradvice.in**